रजिस्ट्री सं. डीएल (एन)-04/0007/2003--05 REGISTERED No. DL(N)—04/0007/2003—05

भारत का राजपत्र
The Gazette of India

साप्ताहिक/WEEKLY

प्राधिकार से प्रकाशित
PUBLISHED BY AUTHORITY

सं. 3] नई दिल्ली, शनिवार, जनवरी 19—जनवरी 25, 2013 (पौष 29, 1934)
No. 3] NEW DELHI, SATURDAY, JANUARY 19—JANUARY 25, 2013 (PAUSA 29, 1934)

इस भाग में भिन्न पृष्ठ संख्या दी जाती है जिससे कि यह अलग संकलन के रूप में रखा जा सके
(Separate paging is given to this Part in order that it may be filed as a separate compilation)

भाग III—खण्ड 4
[PART III—SECTION 4]

[सांविधिक निकायों द्वारा जारी की गई विविध अधिसूचनाएं जिसमें कि आदेश, विज्ञापन और सूचनाएं सम्मिलित हैं]
[Miscellaneous Notifications including Notifications, Orders, Advertisements and Notices issued by Statutory Bodies]

भारतीय रिज़र्व बैंक

(गैर-बैंकिंग पर्यवेक्षण विभाग)

मुंबई-400005, दिनांक 6 दिसम्बर 2012

सं. गैबैंपवि(नीप्र)252/सीजीएम(यूएस)-2012--भारतीय रिज़र्व बैंक, जनता के हित में यह आवश्यक समझकर और इस बात से संतुष्ट होकर कि देश के हित में ऋण प्रणाली को विनियमित करने के लिए, बैंक को समर्थ बनाने के प्रयोजन से, सभी कोर निवेश कंपनियों (सीआईसी) को निम्नलिखित निदेश देना आवश्यक है। भारतीय रिज़र्व बैंक अधिनियम, 1934 (1934 का 2) की धारा 45ञक, 45ट तथा 45ठ द्वारा प्रदत्त शक्तियों और इस संबंध में प्राप्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए निम्नलिखित निदेश देता है :--

निदेशों का संक्षिप्त शीर्षक (नाम) तथा उसे प्रयोग में लाना

i. इन निदेशों को कोर निवेश कंपनी-विदेशी निवेश (रिज़र्व बैंक) निदेश, 2012 कहा जाएगा।

ii. यह निदेश तत्काल प्रभाव से लागू होंगे।

iii. यह निदेश विदेशी मुद्रा विभाग द्वारा विदेशी निवेश के लिए निर्धारित निदेशों के अतिरिक्त होगा।

2. सीआईसी द्वारा विदेशी निवेश के मामले में भारतीय रिज़र्व बैंक से पूर्व अनुमति

i. यह निदेश सभी सीआईसी[1] (भारतीय रिज़र्व बैंक से पंजीकृत अथवा पंजीकरण से छूट प्राप्त किसी भी स्थिति में) पर लागू होंगे, जो विदेशी निवेश की इच्छा रखती है।

ii. विदेशी वित्तीय[2] क्षेत्र में निवेश :

वित्तीय क्षेत्र में विदेशी निवेश की इच्छा रखने वाली सीआईसी को भारतीय रिज़र्व बैंक से पंजीकरण प्रमाण पत्र (सीओआर) धारण तथा पंजीकृत सीआईसी पर लागू सभी विनियमों का पालन करना होगा। अतः सीआईसी जिन्हें बैंक के विनियमन संरचना से छूट प्राप्त है (छूट प्राप्त सीआईसी) वित्तीय क्षेत्र में विदेशी निवेश के लिए उन्हें बैंक से पंजीकरण प्रमाण पत्र प्राप्त करने की आवश्यकता है तथा वे सीआईसी-एनडी-एसआई की तरह विनियमित होंगी।

iii. गैर वित्तीय क्षेत्र में निवेश :

[1]सीआईसी, 05 जनवरी 2011 के परिपत्र गैबैंपवि(नीप्र)कंपरि सं. 206/03.10.001/2010.11 के पैरा 2(बी) परिभाषित के अनुसार जिसका शीर्षक है कोर निवेश कंपनियों के लिए विनियामक संरचना।

[2]इस उद्देश्य के लिए वित्तीय क्षेत्र अर्थात् वह क्षेत्र/सेवाएं जो वित्तीय क्षेत्र विनियामक द्वारा विनियमित है।

छूट प्राप्त सीआईसी जो विदेशी गैर वित्तीय क्षेत्र में निवेश कर रहीं है उन्हें बैंक से पंजीकरण प्राप्त करने की आवश्यकता नहीं है अत: यह निदेश उनके उनपर लागू नहीं होंगी। इसके अतिरिक्त पंजीकृत सीआईसी को विदेशी गैर वित्तीय क्षेत्र में निवेश करने के लिए भारतीय रिज़र्व बैंक के गैर बैंकिंग पर्यवेक्षण विभाग (डीएनबीएस) से पूर्व अनुमति लेने की आवश्यकता नहीं है। तथापि, उन्हें ऐसे निवेश के 30 दिनों के भीतर निर्धारित फार्मेट में इसकी सूचना क्षेत्रीय कार्यालय के गैर बैंकिंग पर्यवेक्षण विभाग को देना होगा जहां वह पंजीकृत है तथा तिमाही रिटर्न की प्रस्तुति जारी रखना होगा;

iv.सीआईसी के लिए विदेशी निवेश हेतु माप दण्ड तथा निर्धारित अन्य नियम निम्नलिखित पैराग्राप में दी गई है:

3. पात्रता मानदण्ड

i. सीआईसी की समायोजित निवल मालियत (एएनडब्ल्यू) उसके तुलनपत्र के सकल जोखिम भारित परिसंपतियों तथा तुलनपत्र इतर मदों के समायोजित जोखिम मूल्य वित्तीय वर्ष की समाप्ति पर अंतिम लेखा परीक्षित तुलन पत्र की तारीख को 30% से कम नहीं होना चाहिए। सीआईसी को विदेशी निवेश के बाद एएनडब्ल्यू का आवश्यक न्यूनतम स्तर बनाए रखना होगा। इस उद्देश्य के लिए, 5 जनवरी 2011 के अधिसूचना सं:219 में जोखिम भार को निश्चित किया गया है।

ii. सीआईसी की निवल अनर्जक परिसंपत्तियों का स्तर अंतिम लेखा परीक्षित तुलन पत्र की तारीख को निवल अग्रिम से 1% से अधिक नहीं होना चाहिए;

iii. सीआईसी को सामान्यत: अंतिम तीन वर्ष में लगातार लाभ अर्जित करनेवाली होनी चाहिए तथा इसकी मौजूदगी के दौरान इसका कार्यनिष्पादन संतोषजनक होनी चाहिए।

4. सामान्य शर्तें

i. फेमा के तहत निषिद्ध गतिविधियों में प्रत्यक्ष निवेश की अनुमति नहीं है;

ii. कुल विदेशी निवेश सीआईसी के स्वाधिकृत निधियों के 400% से अधिक नहीं होनी चाहिए;

iii. वित्तीय क्षेत्र में विदेशी निवेश इसके स्वाधिकृत निधियों के 200% से अधिक नहीं होनी चाहिए;

iv. वित्तीय क्षेत्र में निवेश केवल विनियमित विदेशी संस्थाओं में ही होगी।

v. विदेश में स्थापित अथवा विदेश में अधिगृहित संस्था को विदेश में पूर्णत: स्वाधिकृत सहायक संस्थाएं (डब्ल्यूओएस)/ संयुक्त उद्यम (जेवी)[3] के रूप में माना जाएगा;

vi. सीआईसी द्वारा वित्तीय /गैर वित्तीय क्षेत्र में विदेशी निवेश उसके वित्तीय प्रतिबद्धता[4] तक सीमित होगी। तथापि इस संबंध में गारंटी /चुकौती आश्वासन पत्र जारी करने के मामले में निम्न को नोट किया जाए;

---

[3] फेमा के तहत "संयुक्त उद्यम" अर्थात विदेशी संस्था जो मेजबान देश के कानून के अनुसार निगमित और पंजीकृत है विदेशी संस्था जिसमें भारतीय पक्ष प्रत्यक्ष निवेश करता है। "डब्ल्यूओएस" अर्थात मेजबान देश के कानून के अनुसार निगमित और पंजीकृत विदेशी संस्था, जिसकी पूरी पूंजी भारतीय पक्ष द्वारा धारण जी गई हो।

[4] "वित्तीय प्रतिबद्धता" अर्थात वह राशि जो इक्विटी में प्रत्येक्ष निवेश का योगदान दे कर ऋण और विदेशी जेवी/डब्ल्यूओएस को या उसकी तरफ से भारतीय पक्ष द्वारा 50% की राशि के लिए गारंटी दी गई हो।

ए. गैर वित्तीय गतिविधियों में संलिप्त विदेशी संस्थाओं को सीआईसी गारंटी/ चुकौती आश्वासन पत्र जारी कर सकती है;

बी. सीआईसी को यह सुनिश्चित करना होगा कि विदेश में की गई निवेश के कारण जटिल संरचना तैयार होगा। यदि विदेशी संरचना में गैर परिचालनगत नियंत्रक कंपनी की आवश्यता होती है तो संरचना में दो स्तरीय संरचना से अधिक नहीं होनी चाहिए। सीआईसी के अस्तित्व में उनके निवेश संरचना के लिए एक से अधिक गैर परिचालनगत नियंत्रक कंपनी रहती है, जिसकी रिपोर्टिंग भारतीय रिज़र्व बैंक को समीक्षा के लिए की जानी चाहिए।

डी. सीआईसी को फेमा,1999 के तहत समय समय पर जारी विनियमों का अनुपालन करना होगा;

ई. सीआईसी को सांविधिक लेखा परीक्षक से वार्षिक प्रमाण पत्र, जिसमें यह प्रमाणित किया जाए कि विदेश में निवेश के लिए इस दिशानिर्देश के तहत निर्धारित सभी नियम का पूर्ण अनुपालन उनके द्वारा किया गया है, को क्षेत्रीय कार्यालय के गैर बैंकिंग पर्यवेक्षण विभाग में प्रस्तुत करना होगा, जहां वह पंजीकृत है। प्रत्येक वर्ष के मार्च माह की समाप्ति पर प्रमाण अत्र प्रत्येक वर्ष के 30 अप्रैल तक प्रस्तुत करना होगा ;

एफ. सीआईसी को एक संलग्न तिमाही विवरणी क्षेत्रीय कार्यालय गैर बैंकिंग पर्यवेक्षण विभाग को तथा भारतीय रिज़र्व बैंक के सांख्यिकी और सूचना प्रबंध विभाग को समाप्त तिमाही के 15 दिन के भीतर प्रस्तुत करना होगा।

जी. यदि बैंक के संज्ञान में कोई प्रतिकूल बात आती है तो स्वीकृत अनुमति को वापस ले लिया जाएगा। विदेश में निवेश हेतु सभी स्वीकृतियां इस नियम के अधीन है।

5. विशिष्ठ शर्तें

i. शाखा खोलना

जैसा कि सीआईसी गैर परिचालनगत संस्थाएं होती है, सामान्य स्थिति में, उन्हें विदेश में शाखा खोलने की अनुमति नहीं है। सीआईसी, जिन्होंने निवेश कारोबार के लिए पहले ही विदेश में शाखा (एं) खोल ली है उन्हें इन दिशानिदेशों के जारी होने की तारीख से तीन माह के भीतर समीक्षा हेतु भारतीय रिज़र्व बैंक से संपर्क करना होगा।

ii. सीआईसी द्वारा विदेश में डब्ल्यूओएस/जेवी खोलना

सीआईसी द्वारा विदेश में डब्ल्यूओएस/जेवी के मामले में, उक्त निर्धारित सभी शर्तें लागू होंगी। बैंक द्वारा जारी की जानी वाली अन्नपत्ति प्रमाण पत्र (एनओसी) विदेशी विनियामक की अनुमति प्रक्रिया से स्वतंत्र होंगी। इसके अतिरिक्त, निम्नलिखित शर्तें सभी सीआईसी पर लागू होगी:

ए. विदेश में स्थापित की जाने वाली डब्ल्यूओएस/जेवी दिखावटी कंपनी (सेल कंपनी) नहीं होनी चाहिए अर्थात " कंपनी जो गठित है किंतु कोई महत्वपूर्ण परिसंपत्तियां या परिचालन नहीं है:। तथापि वित्तीय सलाहकार तथा परामर्श सेवाएं प्रदान करने का कारोबार करने वाली ऐसी कंपनियों को दिखावटी कंपनी नहीं माना जाएगा;

बी. सीआईसी द्वारा विदेश में स्थापित की जाने वाली डब्ल्यूओएस/जेवी को भारत में भारतीय परिचालन के लिए परिसंपत्तियों के निर्माण हेतु, संसाधन जुटाने वाली माध्यम के रूप में प्रयोग नहीं किया जाना चाहिए;

सी. प्रावधानों का अनुपालन सुनिश्चित करने के लिए, मूल सीआईसी को विदेशी डब्ल्यूओएस/जेवी द्वारा किए जाने वाले कारोबार संबंधी कम से कम तिमाही आवधिक रिपोर्ट/लेखा परीक्षा रिपोर्ट प्राप्त कर बैंक के निरीक्षण अधिकारियों को उपलब्ध कराना होगा;

डी. यदि डब्ल्यूओएस/जेवी द्वारा कोई कारोबार नहीं रहा अथवा ऐसी कोई रिपोर्ट की प्रस्तुति नहीं की जाती है तो विदेश में डब्ल्यूओएस/जेवी की स्थापना के लिए प्रदान की गई अनुमति की समीक्षा की जाएगी;

ई. डब्ल्यूओएस/जेवी अपने तुलन पत्र में अपनी मूल संस्था के प्रति अपनी देनदारी की राशि के संबंध में प्रकटीकरण करेगी तथा यह भी प्रकट करेगी कि क्या यह इक्विटी/ऋण तक सीमित है यदि गारंटी दी है तो ऐसी गारंटियों की प्रकृति तथा उसमे शामिल राशि;

एफ. विदेश के डब्ल्यूओएस/जेवी का सभी परिचालन मेजबान देश के विनियामक द्वारा निर्धारित नियमों के अधीन होगा।

iii. सीआईसी द्वारा विदेश में प्रतिनिधि कार्यालय खोलना

विदेश में प्रतिनिधि कार्यालय खोलने के लिए सीआईसी को भारतीय रिज़र्व बैंक के गैर बैंकिंग पर्यवेक्षण विभाग से पूर्वानुमति लेना आवश्यक है। विदेश में प्रतिनिधि कार्यालय की स्थापना विदेश में संपर्क कार्य , बाजार स्टडी तथा अनुसंधान कार्य हेतु प्रतिनिधि कार्यालय खोला जा सकता है किंतु इसमें किसी भी प्रकार से निधियों का परिव्यय कारोबार शामिल न हो। प्रतिनिधि कार्यालय को इस संबंध में मेजबान देश के विनियामक द्वारा निर्धारित विनियमों का अनुपालन करना होगा, यदि कोई हो तो। ऐसा परिकल्पित नहीं किया गया है कि ऐसे कार्यालय संपर्क कार्य के अतिरिक्त और कोई गतिविधि करें, इन्हें कोई ऋण व्यवस्था प्रदान नहीं की जाए।

मूल सीआईसी को विदेशी प्रतिनिधि कार्यालय से उनके कारोबार संबंधी आवधिक रिपोर्ट प्राप्त करनी होगी। . यदि प्रतिनिधि कार्यालय द्वारा कोई कारोबार नहीं किया जाता है या रिपोर्ट की प्राप्ति नहीं होती है तो बैंक सीआईसी को संस्था बन्द करने हेतु सूचित करेगा।

6. इन निदेशो का उल्लंघन भारतीय रिजर्व बैंक अधिनियम 1934 के प्रावधानों के तहत दण्डनीय है

(उमा सुब्रमणियम)
प्रभारी मुख्य महाप्रबंधक

अनुबंध

विदेशी निवेश करने वाली सीआईसी द्वारा प्रस्तुत की जाने वाली तिमाही विवरणी

क्रम सं:	डब्ल्यूओएस/जेवी का नाम (जेवी के लिए साझेदार के नाम का उल्लेख करें)	देश तथा गठन की तारीख	गैर बैंकिंग पर्यवेक्षण विभाग से अनापत्ति प्रमाण पत्र (एनओसी) मिलने की तारीख	किए गए कारोबार

क्रम सं:	प्रमुख संकेतक	
ए)	तुलन पत्र से इतर समायोजित जोखिम मूल्य और तुलन पत्र की जोखिम भारित परिसंपत्तियों के रूप में समायोजित निवल संपत्ति का प्रतिशत :	
बी)	अंतिम लेखा परीक्षित तुलन पत्र के अनुसार सीआईसी का निवल लाभ:	
सी)	तिमाही के दौरान डब्ल्यूओएस/जेवी को विप्रेषित राशि:	

डब्ल्यूओएस/जेवी का नाम	विप्रेषित राशि

डी) तिमाही की समाप्ति पर (सीआईसी की स्वाधिकृत निधियों का प्रतिशत और राशि) डब्ल्यूओएस/जेवी में (निधि आधारित और गैर निधि आधारित प्रतिबद्धता) संचयी निवेश:

डब्ल्यूओएस/जेवी का नाम	विप्रेषित की गई राशि तथा उप – अनुषंगी संस्था यदि कोई हो तो सहित स्वाधिकृत निधियों का प्रतिशत	गैर निधि आधारित प्रतिबद्धता और मूल्य (प्रकृति का भी विशिष्ट उल्लेख करें जैसे निष्पादन गारंटी)

ई)	सीआईसी की स्वाधिकृत निधियों के प्रतिशत के रूप में सीआईसी द्वारा विदेशी निवेश का प्रतिशत:	

एफ) क्या विदेशी डब्ल्यूओएस/जेवी का विनियमन मेजबान देशा द्वारा किया जाता है। यदि हां:

विनियाक्रमक का नाम :	रिपोर्टिंग अवधि के दौरान विनियामक द्वारा कोई दौरा किया गया:	विनियामक द्वारा व्यक्त की गई चिंताएं:	इस अवधि के दौरान सहायक कंपनी के कारोबार पर प्रभार डालने वाला कोई विनियामक परिवर्तन:	विदेशी विनियामक द्वारा लगाया गया कोई दण्ड/सजा, यदि कोई हो तो :

जी) तिमाही के दौरान डब्ल्यूओएस/जेवी से प्राप्त किया गया विवरणी:

डब्ल्यूओएस/जेवी का नाम	प्राप्त की गई विवरणी

एच) डब्ल्यूओएस/जेवी का वित्तीय विवरण

डब्ल्यूओएस/जेवी का नाम	निवल लाभ	तुलन पत्र का आकार (परिसंपतियों और देयताओं के महत्वपूर्ण मदों का विवरण संलग्न करें)

कर्मचारी राज्य बीमा

नई दिल्ली, दिनांक 13 दिसम्बर 2012

सं. आर. 12/16/9/2010 नीति-हितलाभ-2--सर्वसाधारण की सूचना के लिए अधिसूचित किया जाता है कि क.रा. बी. निगम ने 10.11.2012 की बैठक में निम्नलिखित संकल्प अंगीकार किया:

कर्मचारी राज्य बीमा अधिनियम, 1948 की धारा 99 के अधीन उपबंधों के अनुसरण में, कर्मचारी राज्य बीमा निगम एतद् द्वारा संकल्प करता है कि 31.12.2010 के अथवा पूर्व में रोजगार चोट के परिणामस्वरूप जनित अपंगता अथवा मृत्यु के मामलों में उपर्युक्त अधिनियम के उपबंधों के अंतर्गत स्वीकृत स्थायी अपंगता और आश्रितजन हितलाभों की आवधिक अदायगी की राशि प्रस्ताव में उल्लिखित सीमा तक बढ़ा कर दी जाएगी, जो निम्नानुसार है :-

क.सं.	**अशक्तता/मृत्यु का वर्ष**	**1.8.2009 तक की गई कुल बढ़ोतरी**	**1.8.2011 से प्रस्तावित बढ़ोतरी**
1.	31.12.1952 को अथवा इससे पहले हुई अशक्ता अथवा मृत्यु के मामले	3864%	मूल राशि का 4386% (पूर्व वृद्धि सहित)
2.	1.1.1953 को अथवा इसके बाद 31.12.1953 तक हुई अशक्तता अथवा मृत्यु के मामले	3772%	मूल राशि का 4282% (पूर्व वृद्धि सहित)
3.	1.1.1954 को अथवा इसके बाद 31.12.1954 तक हुई अशक्तता अथवा मृत्यु के मामले	3962%	मूल राशि का 4497%(पूर्व वृद्धि सहित)
4.	1.1.1955 को अथवा इसके बाद 31.12.1955 तक हुई अशक्तता अथवा मृत्यु के मामले	4169%	मूल राशि का 4731%(पूर्व वृद्धि सहित)
5.	1.1.1956 को अथवा इसके बाद 31.12.1956 तक हुई अशक्तता अथवा मृत्यु के मामले	3818%	मूल राशि का 4334%(पूर्व वृद्धि सहित)

6.	1.1.1957 को अथवा इसके बाद 31.12.1957 तक हुई अशक्तता अथवा मृत्यु के मामले	3600%	मूल राशि का 4087%(पूर्व वृद्धि सहित)
7.	1.1.1958 को अथवा इसके बाद 31.12.1958 तक हुई अशक्तता अथवा मृत्यु के मामले	3443%	मूल राशि का 3910%(पूर्व वृद्धि सहित)
8.	1.1.1959 को अथवा इसके बाद 31.12.1959 तक हुई अशक्तता अथवा मृत्यु के मामले	3333%	मूल राशि का 3785%(पूर्व वृद्धि सहित)
9.	1.1.1960 को अथवा इसके बाद 31.12.1960 तक हुई अशक्तता अथवा मृत्यु के मामले	3263%	मूल राशि का 3706%(पूर्व वृद्धि सहित)
10.	1.1.1961 को अथवा इसके बाद 31.12.1961 तक हुई अशक्तता अथवा मृत्यु के मामले	3133%	मूल राशि का 3559%(पूर्व वृद्धि सहित)
11.	1.1.1962 को अथवा इसके बाद 31.12.1962 तक हुई अशक्तता अथवा मृत्यु के मामले	3042%	मूल राशि का 3456%(पूर्व वृद्धि सहित)
12.	1.1.1963 को अथवा इसके बाद 31.12.1963तक हुई अशक्तता अथवा मृत्यु के मामले	2953%	मूल राशि का 3355%(पूर्व वृद्धि सहित)
13.	1.1.1964 को अथवा इसके बाद 31.12.1964 तक हुई अशक्तता अथवा मृत्यु के मामले	2583%	मूल राशि का 2936%(पूर्व वृद्धि सहित)
14.	1.1.1965 को अथवा इसके बाद 31.12.1965 तक हुई अशक्तता अथवा मृत्यु के मामले	2344%	मूल राशि का 2766(पूर्व वृद्धि सहित)
15.	1.1.1966 को अथवा इसके बाद 31.12.1966 तक हुई अशक्तता अथवा मृत्यु के मामले	2112%	मूल राशि का 2403%(पूर्व वृद्धि सहित)
16.	1.1.1967 को अथवा इसके बाद 31.12.1967 तक हुई अशक्तता अथवा मृत्यु के मामले	1836%	मूल राशि का 2091%(पूर्व वृद्धि सहित)
17.	1.1.1968 को अथवा इसके बाद 31.12.1968 तक हुई अशक्तता अथवा मृत्यु के मामले	1781%	मूल राशि का 2029%(पूर्व वृद्धि सहित)

18.	1.1.1969 को अथवा इसके बाद 31.12.1969 तक हुई अशक्तता अथवा मृत्यु के मामले	1803%	मूल राशि का 2054%(पूर्व वृद्धि सहित)
19.	1.1.1970 को अथवा इसके बाद 31.12.1970 तक हुई अशक्तता अथवा मृत्यु के मामले	1708%	मूल राशि का 1946%(पूर्व वृद्धि सहित)
20.	1.1.1971 को अथवा इसके बाद 31.12.1971 तक हुई अशक्तता अथवा मृत्यु के मामले	1658%	मूल राशि का 1890%(पूर्व वृद्धि सहित)
21.	1.1.1972 को अथवा इसके बाद 31.12.1972 तक हुई अशक्तता अथवा मृत्यु के मामले	1544%	मूल राशि का 1760% (पूर्व वृद्धि सहित)
22.	1.1.1973 को अथवा इसके बाद 31.12.1973 तक हुई अशक्तता अथवा मृत्यु के मामले	1301%	मूल राशि का 1485% (पूर्व वृद्धि सहित)
23.	1.1.1974 को अथवा इसके बाद 31.12.1974 तक हुई अशक्तता अथवा मृत्यु के मामले	978%	मूल राशि का 1120% (पूर्व वृद्धि सहित)
24.	1.1.1975 को अथवा इसके बाद 31.12.1975 तक हुई अशक्तता अथवा मृत्यु के मामले	918%	मूल राशि का 1052% (पूर्व वृद्धि सहित)
25.	1.1.1976 को अथवा इसके बाद 31.12.1976 तक हुई अशक्तता अथवा मृत्यु के मामले	976%	मूल राशि का 1118% (पूर्व वृद्धि सहित)
26.	1.1.1977 को अथवा इसके बाद 31.12.1977 तक हुई अशक्तता अथवा मृत्यु के मामले	918%	मूल राशि का 1052% (पूर्व वृद्धि सहित)
27.	1.1.1978 को अथवा इसके बाद 31.12.1978 तक हुई अशक्तता अथवा मृत्यु के मामले	892%	मूल राशि का 1023% (पूर्व वृद्धि सहित)
28.	1.1.1979 को अथवा इसके बाद 31.12.1979 तक हुई अशक्तता अथवा मृत्यु के मामले	829%	मूल राशि का 951% (पूर्व वृद्धि सहित)
29.	1.1.1980 को अथवा इसके बाद 31.12.1980 तक हुई अशक्तता अथवा मृत्यु के मामले	729%	मूल राशि का 838% (पूर्व वृद्धि सहित)
30.	1.1.1981 को अथवा इसके बाद 31.12.1981 तक हुई अशक्तता अथवा मृत्यु के मामले	471%	मूल राशि का 546% (पूर्व वृद्धि सहित)

31.	1.1.1982 को अथवा इसके बाद 31.12.1982 तक हुई अशक्तता अथवा मृत्यु के मामले	430%	मूल राशि का 500% (पूर्व वृद्धि सहित)
32.	1.1.1983 को अथवा इसके बाद 31.12.1983 तक हुई अशक्तता अथवा मृत्यु के मामले	372%	मूल राशि का 434% (पूर्व वृद्धि सहित)
33.	1.1.1984 को अथवा इसके बाद 31.12.1984 तक हुई अशक्तता अथवा मृत्यु के मामले	336%	मूल राशि का 393% (पूर्व वृद्धि सहित)
34.	1.1.1985 को अथवा इसके बाद 31.12.1985 तक हुई अशक्तता अथवा मृत्यु के मामले	312%	मूल राशि का 366% (पूर्व वृद्धि सहित)
35.	1.1.1986 को अथवा इसके बाद 31.12.1986 तक हुई अशक्तता अथवा मृत्यु के मामले	279%	मूल राशि का 329% (पूर्व वृद्धि सहित)
36.	1.1.1987 को अथवा इसके बाद 31.12.1987 तक हुई अशक्तता अथवा मृत्यु के मामले	248%	मूल राशि का 294% (पूर्व वृद्धि सहित)
37.	1.1.1988 को अथवा इसके बाद 31.12.1988 तक हुई अशक्तता अथवा मृत्यु के मामले	221%	मूल राशि का 263% (पूर्व वृद्धि सहित)
38.	1.1.1989 को अथवा इसके बाद 31.12.1989 तक हुई अशक्तता अथवा मृत्यु के मामले	196%	मूल राशि का 235% (पूर्व वृद्धि सहित)
39.	1.1.1990 को अथवा इसके बाद 31.12.1990 तक हुई अशक्तता अथवा मृत्यु के मामले	171%	मूल राशि का 207% (पूर्व वृद्धि सहित)
40.	1.1.1991 को अथवा इसके बाद 31.12.1991 तक हुई अशक्तता अथवा मृत्यु के मामले	136%	मूल राशि का 167% (पूर्व वृद्धि सहित)
41.	1.1.1992 को अथवा इसके बाद 31.12.1992 तक हुई अशक्तता अथवा मृत्यु के मामले	110%	मूल राशि का 138% (पूर्व वृद्धि सहित)
42.	1.1.1993 को अथवा इसके बाद 31.12.1993 तक हुई अशक्तता अथवा मृत्यु के मामले	98%	मूल राशि का 124% (पूर्व वृद्धि सहित)
43.	1.1.1994 को अथवा इसके बाद 31.12.1994 तक हुई अशक्तता अथवा मृत्यु के मामले	80%	मूल राशि का 104% (पूर्व वृद्धि सहित)

44.	1.1.1995 को अथवा इसके बाद 31.12.1995 तक हुई अशक्तता अथवा मृत्यु के मामले	62%	मूल राशि का 83% (पूर्व वृद्धि सहित)
45.	1.1.1996 को अथवा इसके बाद 31.12.1996 तक हुई अशक्तता अथवा मृत्यु के मामले	47%	मूल राशि का 66% (पूर्व वृद्धि सहित)
46.	1.1.1997 को अथवा इसके बाद 31.12.1997 तक हुई अशक्तता अथवा मृत्यु के मामले	37%	मूल राशि का 55% (पूर्व वृद्धि सहित)
47.	1.1.1998 को अथवा इसके बाद 31.12.1998 तक हुई अशक्तता अथवा मृत्यु के मामले	20%	मूल राशि का 36% (पूर्व वृद्धि सहित)
48.	1.1.1999 को अथवा इसके बाद 31.12.1999 तक हुई अशक्तता अथवा मृत्यु के मामले	15%	मूल राशि का 30% (पूर्व वृद्धि सहित)
49.	1.1.2000 को अथवा इसके बाद 31.12.2000 तक हुई अशक्तता अथवा मृत्यु के मामले	10%	मूल राशि का 24% (पूर्व वृद्धि सहित)
50.	1.1.2001 को अथवा इसके बाद 31.12.2001 तक हुई अशक्तता अथवा मृत्यु के मामले	9%	मूल राशि का 23% (पूर्व वृद्धि सहित)
51.	1.1.2002 को अथवा इसके बाद 31.12.2002 तक हुई अशक्तता अथवा मृत्यु के मामले	7%	मूल राशि का 21% (पूर्व वृद्धि सहित)
52.	1.1.2003 को अथवा इसके बाद 31.12.2003 तक हुई अशक्तता अथवा मृत्यु के मामले	7%	मूल राशि का 21% (पूर्व वृद्धि सहित)
53.	1.1.2004 को अथवा इसके बाद 31.12.2004 तक हुई अशक्तता अथवा मृत्यु के मामले	7%	मूल राशि का 21% (पूर्व वृद्धि सहित)
54.	1.1.2005 को अथवा इसके बाद 31.12.2005 तक हुई अशक्तता अथवा मृत्यु के मामले	7%	मूल राशि का 21% (पूर्व वृद्धि सहित)
55.	1.1.2006 को अथवा इसके बाद 31.12.2006 तक हुई अशक्तता अथवा मृत्यु के मामले	7%	मूल राशि का 21% (पूर्व वृद्धि सहित)
56.	1.1.2007 को अथवा इसके बाद 31.12.2007 तक हुई अशक्तता अथवा मृत्यु के मामले	7%	मूल राशि का 21% (पूर्व वृद्धि सहित)

57.	01.01.2008 को अथवा इसके बाद 31.12.2008 तक हुई अशक्तता अथवा मत्यु के मामले	0	मूल राशि का 13% (पूर्व वृद्धि सहित)
58.	01.01.2009 को अथवा इसके बाद 31.12.2009 तक हुई अशक्तता अथवा मत्यु के मामले	0	मूल राशि का 13% (पूर्व वृद्धि सहित)
59.	01.01.2010 को अथवा इसके बाद 31.12.2010 तक हुई अशक्तता अथवा मत्यु के मामले	0	मूल राशि का 7% (पूर्व वृद्धि सहित)

यह भी संकल्प किया गया कि स्थायी अपंगता हितलाभ और आश्रितजन हितलाभ की वर्धित दरें, जैसा कि मामला हो, 01.08.2011 से प्रभावी होंगी।

क.रा.बी. अधिनियम, 1948 की धारा-7 के अंतर्गत अधिप्रमाणित।

ए. के. अग्रवाल
महानिदेशक

कोलकाता-700012, दिनांक 12 दिसम्बर 2012

सं. 41 यू. 13/12 पीटीएमआर/1/व. रा. चि. आयुक्त/11-12--क. रा. बी. निगम की बैठक दिनांक 25.04.1951 में पारित संकल्प के अनुसार निगम की शक्ति क. रा. बी. विनिमय (सामान्य) विनियम 1950 के विनियम 105 के अन्तर्गत महानिदेशक में सन्हित किया गया है तथा मुख्यालय पत्रांक यू. 13/12/13/2005-चि. 1 पीटीएमआर दिनांक 09.09.2008 के द्वारा महानिदेशक के आदेश से ऐसी शक्तियां एस.एस.एम.सी./एस.एम.सी. को प्रत्यायोजित की गई है। अद्योहस्ताक्षरी ने निर्धारित मानकों के अनुरूप मासिक वेतन पर निम्नलिखित चिकित्सकों को उनके नाम के समक्ष दर्शाए गए तारीख से या जब तक पूर्णकालिक चिकित्सा निर्देशी कार्यग्रहण नहीं करते, दोनों में से जो भी पहले हो, निम्नांकित क्षेत्रों के आवंटित केन्द्रों के बीमाकृत व्यक्तियों की चिकित्सा जांच एवं मूल प्रमाण-पत्र के संदिग्ध होने की स्थिति में आगे का प्रमाण-पत्र प्रदान करने के उद्देश्य से चिकित्सा प्राधिकारी के रूप में कार्य करने के लिए प्राधिकृत किया है :--

डॉ. का नाम	अवधि	केन्द्र का नाम
डॉ. हरेकृष्ण शर्मा	दिनांक 01.01.2013 से दिनांक 31.12.2013 तक या पूर्णकालिक चिकित्सा निर्देशी के पद ग्रहण करने तक	गुवाहाटी क्षेत्र

एस. के. चौधुरी
वरिष्ठ राज्य चिकित्सा आयुक्त (पू. क्षे.)

विश्वविद्यालय अनुदान आयोग

नई दिल्ली, दिनांक 14 दिसम्बर 2012

मि. सं. 5-2/2012 (सी.पी.पी.-II)--विश्वविद्यालय अनुदान आयोग अधिनियम, 1956 (3 : 1956) की धारा 22 की उप-धारा (3) के अंतर्गत प्रदत्त अधिकारों का प्रयोग करते हुए तथा राजपत्रीय अधिसूचना मि. सं. 1-52/97 (सी.पी.पी.-II) दिनांक 29 मई, 2009 के अनुक्रम में उपरोक्त धारा के प्रयोजन के लिए विश्वविद्यालय अनुदान आयोग केन्द्र सरकार के अनुमोदन से निम्नलिखित अतिरिक्त डिग्री विनिर्दिष्ट करता है :--

स्नातक डिग्री :

संक्षेपण	विस्तारण	स्तर	न्यूनतम अवधि	प्रवेश योग्यता
बी. वोक.	बैचलर ऑफ वोकेशन	स्नातक	3 वर्ष	10 + 2

अखिलेश गुप्ता
सचिव

मि. सं. 14-42/2011 (सीपीपी-II)

यूजीसी अधिनियम, 1956 के अनुच्छेद 26 उप–अनुच्छेद (1) की धारा (एफ) एवं (जी) के अन्तर्गत प्रदत्त अधिकारों के अनुपालन हेतु विश्वविद्यालय अनुदान आयोग एतद्द्वारा निम्न विनियम सृजित करता है, नामतः–

1. लघु शीर्ष, अनुप्रयोग एवं प्रवर्तन

1.1 ये विनियम, विश्वविद्यालय अनुदान आयोग (उच्च शैक्षिक संस्थानों का अधिदेशात्मक निर्धारण एवं प्रत्यायन) विनियम, 2012 कहलायेंगे।

1.2 ये विनियम इन पर लागू होंगे:–

(क) ऐसे समस्त विश्वविद्यालय जो एक केन्द्रीय/प्रादेशिक अथवा राज्यीय अधिनियम द्वारा स्थापित एवं/अथवा निगमित हैं।

(ख) तकनीकी संस्थानों के अतिरिक्त, समस्त संस्थान, जिन्हें विश्वविद्यालय अनुदान आयोग अनुच्छेद 3 की अधिसूचना के अनुसार मानित विश्वविद्यालय घोषित किया गया है।

(ग) तकनीकी संस्थानों के अतिरिक्त, स्वशासी महाविद्यालयों सहित समस्त महाविद्यालय।

1.3 ये विनियम, सरकारी राजपत्र में अधिसूचित किये जाने की तिथि से लागू माने जायेंगे।

2. परिभाषाएँ

(क) 'प्रत्यायन' विभिन्न व्याकरणिक विभिन्नताओं से युक्त, से तात्पर्य है उच्च शिक्षा में गुणवत्ता नियन्त्रण की प्रक्रिया, जिससे प्रत्यायन अभिकरणों अथवा किसी उच्च शिक्षण संस्थान द्वारा मूल्यांकन अथवा आकलन के परिमाणस्वरूप अथवा वैज्ञानिक प्रविधियों द्वारा संचालित किया गया है, अकादमिक गुणवत्ता के मानदण्डों के समरूप अभिलक्षित किया गया है तथा जिसके अन्तर्गत विश्वविद्यालय अनुदान आयोग द्वारा निर्धारित उस अकादमिक गुणवत्ता का निर्देश चिन्हित हुआ है।

(ख) 'अधिनियम' से तात्पर्य है विश्वविद्यालय अनुदान आयोग अधिनियम 1956।

(ग) 'आकलन' से तात्पर्य है किसी अकादमिक कार्यक्रम के प्रारम्भ होने से पूर्व किसी भी उच्च शैक्षिक संस्थान द्वारा अपनी भौतिक अवसंरचना एवं मानव संसाधन को दृष्टिगत करते हुए उस की क्षमताओं को सुनिश्चित अथवा सत्यापित करने की प्रक्रिया।

(घ) मूल्यांकन एवं प्रत्यायन अभिकरण से तात्पर्य राष्ट्रीय मूल्यांकन एवं प्रत्यायन परिषद जिसे विश्वविद्यालय अनुदान आयोग, राष्ट्रीय प्रत्यायन बोर्ड अथवा कोई ऐसा अभिकरण जिसे प्रत्यायन करने के लिए संसद के किसी अधिनियम द्वारा अथवा उसके अन्तर्गत स्थापित किया गया है।

(ड.) 'महाविद्यालय' से तात्पर्य है एक ऐसा महाविद्यालय, जिसे यूजीसी अधिनियम 1956 के अनुच्छेद 12 (ए) (1) (बी) के अन्तर्गत परिभाषित किया गया है।

(च) 'आयोग' से तात्पर्य है विश्वविद्यालय अनुदान आयोग, जैसा कि अधिनियम में परिभाषित है।

(छ) 'उच्च शैक्षिक संस्थान' से तात्पर्य है एक ऐसा विश्वविद्यालय जो अधिनियम के अनुच्छेद 2 के उप–अनुच्छेद (एफ) में परिभाषित है तथा जिसमें एक ऐसा संस्थान सम्मिलित है जिसे इस अधिनियम के अन्तर्गत अनुच्छेद 3 के अनुसार एक मानित विश्वविद्यालय के रूप में घोषित किया गया है, जैसा कि उपरोक्त अनुच्छेद (ई) में परिभाषित किया गया है जो किसी सी तकनीकी संस्थान अतिरिक्त है।

(ज) 'तकनीकी संस्थान' से तात्पर्य तकनीकी पाठ्यक्रम उपलब्ध कराने वाले तकनीकी एवं अन्य विश्वविद्यालयों को छोड़कर एक ऐसा संस्थान जो अखिल भारतीय तकनीकी शिक्षा परिषद अधिनियम, 1987 के अनुच्छेद 2 की धारा (एच) के अन्तर्गत परिभाषित है।

3 उद्देश्य

मूल्यांकन एवं प्रत्यायन की प्रक्रिया में निम्न उद्देश्य निहित होंगे:

(क) उच्च शैक्षिक संस्थानों द्वारा प्रदान की जाने वाली गुणवत्ता एवं शिक्षा तथा तदनुसार अग्रवर्ती अकादमिक गुणवत्ता के विकास हेतु मान्यता प्रदान करना।

(ख) उच्च शैक्षिक संस्थानों में छात्रों एवं अन्य पणधारियों द्वारा औपचारिक विकल्प प्रस्तुत करना।

(ग) उच्च शैक्षिक संस्थानों द्वारा दी गई शिक्षा गुणवत्ता से संबद्ध निवेश उपलब्ध कराने के लिये छात्रों/अध्यापकों एवं अन्य निवेशकों को सहायता प्रदान करना।

(घ) उच्च शैक्षिक संस्थानों द्वारा गुणवत्ता में सहायक बनने की प्रक्रिया को सुविधाजनक बनाने के लिए अकादमिक मानकों संबंधी समानुरूप निर्देशचिह्नों का उपयोग करना।

(ड.) उपयुक्त नियामक एवं /अथवा निधियन एजेन्सियों से उच्च शैक्षिक संस्थानों द्वारा अतिरिक्त निधियन एवं अन्य प्रोत्साहन प्राप्त करना, यदि संस्थानों को पात्र माना गया हो।

(च) उच्च शैक्षिक संस्थानों में सीमापार एवं राष्ट्रीय सीमा से परे, की अन्तर्राष्ट्रीय मान्यताप्राप्ति एवं सहभागिताओं को सुविधाजनक बनाना।

(छ) उच्च शैक्षिक संस्थानों द्वारा जैसा कि घोषित किया जायेगा, छात्रों द्वारा उनके पाठ्यक्रमों के सापेक्ष परिणामों की जानकारी प्राप्त करने हेतु छात्रों को सुविधाएं उपलब्ध कराना।

(ज) आयोग द्वारा निर्धारित अथवा उच्च शैक्षिक संस्थान द्वारा घोषित किये गए उच्च

शैक्षिक संस्थानों द्वारा जो भी मान्यताएँ है, यथास्थिति छात्रों की पात्रता को सुविधाजनक बनाया जायेगा।

(झ) घोषित किये जाने वाले उच्च शैक्षिक संस्थानों शिक्षकों द्वारा अध्यापन एवं शोध तथा उपलब्ध कराना उनके मानकों को अनुयक्षित करना।

(ञ) उच्च शैक्षिक संस्थान द्वारा मंजूरीकृत अध्ययन अथवा परीक्षाओं के माध्यम के रूप में गुणवत्तायुक्त अध्ययन–अध्यापन सामग्री को समस्त भाषाओं में प्रभावी अध्ययन अध्यापन हेतु सुलभ कराना।

(त) उच्च शैक्षिक संस्थान को उसके प्रबन्धन एवं प्रशासन हेतु प्रभावी शासीतन्त्र को सुलभ बनाना।

4. अधिदेशात्मक मूल्यांकन एवं प्रत्यायन

4.1 प्रत्येक उच्च शैक्षिक संस्थान के सफलतापूर्वक दो सत्रों के पूरा कर लेने अथवा 6 वर्ष की अवधि पूरी करने पर, इसमें से जो भी पहले हो–अधिदेशात्मक रूप से, उस अभिकरण या आयोग द्वारा निर्धारित विनियम एवं प्रविधि के अनुसार अथवा यथास्थिति उस प्रत्यायन अभिकरण द्वारा प्रत्यायित कराना होगा।

4.2 प्रत्येक उच्च शैक्षिक संस्थान, के अपने कार्यकाल के 6 वर्ष अथवा दो सत्र पूरे कर लेने पर, इनमें से जो भी पहले हो–इन विनियमों के लागू होने के 6 माह के भीतर प्रत्यायन के लिए प्रत्यायन अभिकरण को आवेदन प्रस्तुत करेगा।

4.3 उच्च शैक्षिक संस्थान, जिन्होंने 6 वर्षों का कार्यकाल अथवा दो सत्र पूरे नहीं किये हैं, इसमें से जो भी पहले हो, इन विनियमों के लागू होने के 6 माह के पश्चात प्रत्यायन के लिए प्रत्यायन अभिकरण को आवेदन प्रस्तुत करेगा।

4.4 उच्च शैक्षिक संस्थान, जो इन नियमों के लागू होने के पश्चात, इन अकादमिक गतिविधियों को प्रारम्भ करने का इच्छुक है, उपरोक्त धारा 4.1 के अनुसार मूल्यांकन एवं प्रत्यायन अभिकरण को मूल्यांकन एवं प्रत्यायन हेतु आवेदन प्रस्तुत करेगा।

5. वैधता एवं पुनः–प्रत्यायन की अवधि

5.1 प्रत्यायन, 5 वर्षों की अवधि के लिए वैध होगा।

5.2 प्रत्येक प्रत्यायित शैक्षिक संस्थान के लिए संबद्ध प्रत्यायन अभिकरण के निर्धारित विनियमों एवं प्रणालियों के अनुसार 5 वर्ष की अवधि समाप्त होने के 6 माह पूर्व, प्रत्यायन हेतु आवेदन करना अधिदेशात्मक है।

6. मूल्यांकन एवं प्रत्यायन अभिकरण के कर्त्तव्य एवं दायित्व

6.1 अपने संचालन में पूर्ण पारदर्शिता सुनिश्चित करना तथा आचारसंहिता का कड़ाईपूर्वक निर्वहन करना।

6.2 उच्च शैक्षिक संस्थान में विद्यमान सभी पणधारी जिनमें छात्र, शिक्षक एवं गैर–अध्यापन कर्मचारी सम्मिलित हैं, उनको अकादमिक गुणवत्ता के विषय में अपने विचार प्रकट करने का एक अवसर प्रदान करना।

6.3 उच्च शैक्षिक संस्थान में विद्यमान सभी पणधारी, जिनमें छात्र, गैर–अध्यापन कर्मचारी भी सम्मिलित हैं, उनकी आत्म–अध्ययन रिपोर्ट (S.S.R.) जिसे प्रत्यायन अभिकरण को प्रस्तुत करने के लिये उच्च शैक्षिक संस्थान द्वारा तैयार किया गया हो तथा प्रत्यायन को अन्तिम रूप देते समय जिसे मूल्यांकन एवं प्रत्यायन–अभिकरण द्वारा विचाराधीन रखा जायेगा, अपने सुझाव एवं प्राप्तियाँ प्रस्तुत करना।

6.4 अपनी वेबसाइट पर अन्तिम प्रत्यायन सहित ऐसे समस्त दस्तावेज, जिन पर ये प्रत्यायन आधारित हो, तथा जिसे उच्च शैक्षिक संस्थान को प्रस्तुत कर दिया गया हो, प्रकाशित करना।

6.5 प्रत्यायन प्रक्रिया को पूरा करना/प्रत्यायन के लिये किए गए उच्च शैक्षिक संस्थान से आवेदन प्राप्त होने के 6 माह के भीतर अन्तिम निर्णय लेना।

6.6 कोई भी व्यक्ति या निकाय जो ? किसी प्रत्यायन, के निवर्तन/संशोधन से असंतुष्ट है–वह उस आवेदन की प्राप्ति के 90 दिनों के भीतर निर्णय लेगा।

7. मूल्यांकन एवं प्रत्यायन–पूर्वापेक्षानुसार

7.1 उपरोक्त धारा 4.1 में परिभाषित किया गया कोई भी उच्च शैक्षिक संस्थान अथवा इसके संकाय, विद्यालय, विभाग, केन्द्र अथवा उसके अन्तर्गत अन्य एकांश, चाहे उन्हें जिस नाम से भी जाना जाता हो, मूल्यांकन एवं प्रत्यायन प्रणाली निर्धारित समय में पूरी किये बगैर, आयोग की किसी भी योजना के अन्तर्गत वित्तीय सहायतार्थ आवेदन अथवा उसे प्राप्त करने के पात्र नहीं होंगे।

7.2 नवीन श्रेणी वाले संस्थानों के अतिरिक्त, किसी भी ऐसे संस्थान को जिसने आयोग की निर्धारित मूल्यांकन एवं प्रत्यायन प्रक्रिया को पूरा नहीं किया है, उसे अधिनियम के अनुच्छेद 3 के अनुसार मानित विश्वविद्यालयी संस्थान के रूप में घोषित करने हेतु आवेदन का पात्र नहीं माना जायेगा।

7.3 उपरोक्त धारा 4.1 में निर्दिष्ट है कि इन विनियमों के लागू होने के पश्चात् कोई भी विश्वविद्यालय, यूजीसी अधिनियम के अनुच्छेद 12 (बी) के अन्तर्गत अधिसूचित अथवा मान्य नहीं होगा, यदि वह विधिवत प्रत्यायित नहीं हैं।

7.4 उपरोक्त धारा 4.1 में निर्दिष्ट इन विनियमों के लागू होने के पश्चात् कोई भी महाविद्यालय यूजीसी अधिनियम के अनुच्छेद 12 (बी) के अन्तर्गत अधिसूचित अथवा मान्य नहीं होगा, यदि वह विधिवत प्रत्यायित नहीं हुआ है।

8. प्रोत्साहन

ऐसे उच्च शैक्षिक संस्थान, जो उच्चतम श्रेणी के अन्तर्गत प्रत्यायित हैं, उनके लिए यथोचित रूप से आयोग अधिक उच्चस्तरीय निधियन आवंटित करेगा।

9. दण्ड/जुर्माने

9.1 एक ऐसी स्थिति जब कोई उच्च शैक्षिक संस्थान उपरोक्त किसी भी धारा के प्रावधानों के अनुपालन में असमर्थ बना रहता है, ऐसी किसी भी कार्रवाई के बावजूद जो उस

उच्च शैक्षिक संस्थान के विरूद्ध, मूल्यांकन एवं प्रत्यायन अधिकृत अभिकरण द्वारा की गई हो जिसके लिये उच्च शैक्षिक संस्थान को अपना पक्ष प्रस्तुत करने का पर्याप्त अवसर प्रदान किया गया हो, उस स्थिति में उसका पक्ष सुनने के पश्चात्, उस उच्च शैक्षिक संस्थान पर निम्न में से किसी एक अथवा समस्त युग्मित दण्डों को उस पर आरोपित किया जायेगा, नामतः–

(क) यूजीसी अधिनियम के अनुच्छेद 12 (बी) के अन्तर्गत मान्यताप्राप्त उच्च शैक्षिक संस्थानों की सूची से उस अधिसूचना को निरस्त करना।

(ख) किसी मानित विश्वविद्यालय के मामले में केन्द्र सरकार को ऐसी अनुशंसा प्रदान करना कि ऐसा संस्थान जिसे मानित विश्वविद्यालय के रूप में यूजीसी अधिनियम के अनुच्छेद 3 के अन्तर्गत घोषित किया गया है, उसका प्रतिसंहरण कर दिया जाये।

(ग) यदि ऐसा उच्च शैक्षिक संस्थान जिसे यूजीसी (निजी विश्वविद्यालय के स्थापन एवं अनुरक्षण) समय समय पर संशोधित विनियम 2003 के अनुसार अग्रिम कार्रवाई करना।

(घ) ऐसे उच्च शैक्षिक संस्थान को दिए जाने वाले सभी अनुदानों पर यथावश्यक रोक लगा देना।

(ङ) आयोग द्वारा निर्धारित किसी भी सामान्य अथवा विशेष सहायता कार्यक्रमों के लिये उस उच्च शैक्षिक संस्थान को किसी भी सहायतार्थ अपात्र घोषित करना।

(च) जनसाधारण की सूचना के उद्देश्य से यह घोषित करना कि ऐसा उच्च शैक्षिक संस्थान प्रत्यायित नहीं है तथा उस उच्च शैक्षिक संस्थान में प्रवेश पाने के इच्छुक छात्रों को मीडिया के विभिन्न प्रारूपों एवं आयोग की वेबसाइट के माध्यम से भी चेतावनी देना।

10. विवाद का निराकरण तन्त्र

10.1 इन विनियमों के क्रियान्वयन की स्थिति में यदि कोई विवाद उठता है तो उस पर आयोग द्वारा चर्चा एवं समाधान किया जायेगा (अथवा विश्वविद्यालय द्वारा–जैसी भी स्थिति होगी) जिसका निर्णय अन्तिम तथा बाध्यकारी होगा।

10.2 आयोग के पास इन विनियमों को समय–समय पर संशोधित करने का अधिकार सुरक्षित रहेगा तथा यथास्थिति आवश्यक नगण्य परिवर्तनों के साथ यह उच्च शैक्षिक संस्थानों पर बाध्यंकारी होगा।

अखिलेश गुप्ता
सचिव

17 दिसम्बर 2012

मि. सं. 14-3/2012 (सीपीपी-II)

यूजीसी अधिनियम, 1956 के अनुच्छेद 26 के उप–अनुच्छेद (1) के अंतर्गत प्रदत्त अधिकारों के अनुपालन में विश्वविद्यालय अनुदान आयोग (यूजीसी) एतद्द्वारा निम्नलिखित विनियमों का सृजन करता है, नामतः

1. **लघु शीर्ष, अनुप्रयोग एवं प्रवर्तनः–**

(1) ये विनियम, विश्वविद्यालय अनुदान आयोग (उच्च शैक्षिक संस्थानों में समरूपता की प्रोन्नति) विनियम, 2012 कहलायेंगे।
(2) ये विनियम, भारत के सभी उच्च शैक्षिक संस्थानों में लागू होंगे।
(3) इन्हें, भारत के राजपत्र में प्रकाशन की तिथि से लागू माना जाएगा।

2. **परिभाषाएँः**– यदि संदर्भ में अन्यथा आवश्यक न हो; इन विनियमों के अंतर्गतः–

(क) **"उच्च शैक्षिक संस्थानों के संघटक"** से तात्पर्य है उच्च शैक्षिक संस्थानों से संबद्ध समुदाय का कोई प्राधिकारी, या व्यक्ति, या व्यक्ति समूह, या वर्ग।

(ख) **"भेदभाव"** से तात्पर्य है जाति आधारित कोई भिन्नता, बहिष्कार, सीमाबद्धता या वरीयता जिसका उद्देश्य अथवा प्रभाव शिक्षा के क्षेत्र में समानता को निष्प्रभावी तथा बाधित करना है, विशेषतः–

(i) किसी भी प्रकार की किसी भी स्तर की शिक्षा को प्राप्त करने में जाति, वर्ण धर्म, भाषा, नैतिकता, लिंग, विकलांगता के आधार पर किसी छात्र या छात्र समूह को वंचित करना;
(ii) किसी छात्र या छात्र समूह पर ऐसी शर्तें लागू करना, जो मानवीय गरिमा के प्रतिकूल हैं;
(iii) किसी छात्र या छात्र समूहों हेतु जाति, वर्ण, धर्म, भाषा, नैतिकता, लिंग एवं शारीरिक विकलाँगता के आधार पर पृथक शैक्षिक प्रणालियों या संस्थानों की स्थापना या अनुरक्षण के प्रावधान के अंतर्गत लाना।

(ग) **"समानता"** से तात्पर्य है सभी व्यक्तियों के लिए बगैर किसी भेदभाव के वैध अधिकारों की प्राप्ति एवं उनसे लाभान्वित होने के अवसर प्राप्त करना।

(घ) **"उत्पीड़न"** से तात्पर्य है अनचाहा, निरंतर गंभीर रूप से किया जाने वाला निकृष्ट व्यवहार जो दूसरे को अपमानित द्वेषपूर्ण एवं भयभीत करने वाला हो तथा जिसके कारण वास्तविक रूप से या धमकी देने पर समर्पण करना पड़े।

(ङ) **"उच्च शैक्षिक संस्थान"** से तात्पर्य है एक ऐसा विश्वविद्यालय जो अनुच्छेद 2 की धारा (एफ) में आवृत्त है अथवा एक ऐसा महाविद्यालय जो अनुच्छेद 12 (ए) के उप अनुच्छेद (1) की धारा (बी) की परिभाषा में आवृत्त है तथा एक ऐसा संस्थान जिसे यूजीसी अधिनियम, 1956 के अनुच्छेद 3 के अंतर्गत एक मानित विश्वविद्यालय घोषित किया गया है।

(च) **"रैगिंग"** से तात्पर्य ऐसी क्रियाओं से है जिन्हें उच्च शिक्षण संस्थानों में रैगिंग के जोखिम पर नियंत्रण संबंधी नियम, 2009 के अंतर्गत परिभाषित किया गया है।

(छ) **"प्रतिकूल व्यवहार"** से तात्पर्य है कार्य वातावरण में प्रतिकूल परिवर्तन, प्रशिक्षण प्रदान करने से इनकार, आगे बढ़ने के अवसर उपलब्ध कराने से इनकार, नकारात्मक परिवीक्षण रिपोर्ट, कष्टदायक शिकायतें एवं समकक्षों द्वारा बहिष्कार।

(ज) **"प्रताड़ना"** से तात्पर्य है किसी भी छात्र के साथ उसकी जाति, वर्ण, धर्म, भाषा, नैतिकता, लिंग तथा विकलाँगता के आधार पर व्यवहार।

3. **भेदभाव के विरुद्ध उच्च शैक्षिक संस्थानों में किये जाने वाले उपायः–**

(1) **प्रत्येक उच्च शैक्षिक संस्थान निम्नवत उपाय करेगाः–**

(क) जाति, वर्ण, धर्म, भाषा, नैतिकता, लिंग एवं विकलाँगता के प्रति बगैर किसी पूर्वाग्रह के छात्रों के हितों की सुरक्षा।

(ख) सभी उच्च शैक्षिक संस्थानों में किसी भी छात्र के साथ किसी भी रूप में विद्यमान जातिगत भेदभाव अथवा उत्पीड़न को प्रतिबन्धित करना तथा निराकरण एवं संरक्षण के ऐसे उपाय उपलब्ध कराना, जिससे उनका उन्मूलन हो सके तथा जातिगत भेदभाव अथवा उत्पीड़न में लिप्त व्यक्तियों को दण्डित करना।

(ग) समाज के सभी वर्गों के छात्रों में समानता की भावना को प्रोन्नत करना।

(2) अजा/अजजा से संबद्ध छात्रों के साथ किए जाने वाले व्यवहार के संबंध में केन्द्र सरकार या राज्य सरकारों द्वारा समय–समय पर जारी किए गए निर्देशों के प्रति बगैर किसी पूर्वाग्रह के कोई भी उच्च शैक्षिक संस्थान अजा/अजजा श्रेणी के छात्रों के साथ भेदभाव नहीं करेगा, न ही उच्च शैक्षिक संस्थानों के संघटक को किसी छात्र या छात्र समूह को किसी भी प्रकार के भेदभाव की अनुमति देगा या

अनदेखी करेगा तथा इस संबंध में निम्नलिखित उपाय करेगा, नामतः—

(क) उच्च शैक्षिक संस्थान या उसका कोई संघटक संस्थान अजा एवं अजजा से संबद्ध छात्रों के दाखिले में कोई भेदभाव नहीं करेगाः—

(i) दाखिले में अनुप्रयोजनीय आरक्षण नीति का उल्लंघन करके।
(ii) दाखिले हेतु ऐसे छात्रों के आवेदन स्वीकार करके।
(iii) आवेदन प्रक्रिया की विधि द्वारा।
(iv) किसी छात्र को दाखिले की पेशकश करते समय उसके लिए प्रबंधों तथा प्रयुक्त मानदण्डों द्वारा।
(v) किसी भी छात्र द्वारा दाखिला लेते समय डिग्री, डिप्लोमा आदि प्रमाणपत्रों को उच्च शैक्षिक संस्थान में जमा कर दिया जाने पर, इन दस्तावेज़ों को इस विचार से अपने पास रोक लेना या वापस लौटाने से इनकार करना कि वे जिस पाठ्यक्रम या अध्ययन कार्यक्रम को आगे पढ़ने का इच्छुक नहीं है, उसका शुल्क वसूल करने के लिए दबाव बना सके या जोर डाल सके।
(vi) घोषित दाखिला नीति में निर्दिष्ट शुल्क से अधिक शुल्क की माँग करके।
(vii) उच्च शैक्षिक संस्थानों द्वारा उपलब्ध कराये गए नामांकन द्वारा किसी लाभ प्राप्ति से इनकार या उसकी मात्रा को सीमित करके।
(viii) किसी छात्र के किसी विशिष्ट कक्षा स्तर या अध्ययन क्षेत्र, प्रशिक्षण या अनुदेश में नामांकन संबंधी किसी भी प्रकार के सहयोग करके।

(ख) उच्च शैक्षिक संस्थान या उसके घटक संस्थान, उच्च शैक्षिक संस्थानों के सभी व्यक्तियों तथा प्राधिकारियों द्वारा किसी भी छात्र को उत्पीड़ित या प्रताड़ित करने से प्रतिबांधित करेंगेः

(i) छात्रों की जाति, जनजाति, धर्म, प्रदेश के नाम को कक्षा में मौखिक रूप से या अन्यथा घोषणा करके;
(ii) कक्षा में ऐसे छात्रों पर आरक्षित श्रेणी का लेबल लगाकर;
(iii) कक्षा में अच्छा कार्य निष्पादन न होने के कारण जातिगत, सामाजिक, प्रादेशिक, रंगभेद या धार्मिक पृष्ठभूमि संबंधी सांकेतिक फब्तियाँ कसकर;
(iv) अन्य छात्रों की तुलना में किसी छात्र को संकाय से मिलने के लिए पृथक समय देकर;
(v) प्रयोगशाला में प्रवेश की अनुमति प्राप्त होने पर भी ऐसे छात्रों को काम करने की अनुमति न देकर तथा उन्हें बेकार बैठाकर;
(vi) ऐसे छात्रों या छात्र समूह को वाचनालय में पृथक सीट देकर।
(vii) ऐसे छात्रों को किताबें, पत्रिकाएँ या जर्नल्स आदि जारी करते समय भेदभाव करके;
(viii) किसी छात्र या छात्र वर्ग के साथ उनकी जाति, वर्ण, धर्म या प्रदेश के आधार पर खेलकूद सुविधाओं का उपयोग करने में भेदभाव् करके।

(ग) उच्च शैक्षिक संस्थान या उसका घटक संस्थान जाति, वर्ग, धर्म, भाषा, नैतिकता, लिंग एवं विकलांगता के आधार पर मूल्यांकन करते समय कोई भेदभाव नहीं करेगा, न ही इसकी अनुमति देगा:–

(i) ऐसे छात्रों के परीक्षा पत्रों का उचित मूल्यांकन या पुनर्मूल्यांकन न करके तथा उन्हें कम अंक देकर;

